तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 5 मई 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 सरगुजा वनवृत के सभी 1753 तेंदूपत्ता लॉटों का हुआ विक्रय






## मुख्यमंत्री ने ली समीक्षा बैठक, कलेक्टरों को अधीनस्थ अधिकारियों के काम का मूल्यांन करने के निर्देश

# जानकारी नहीं दे पाने पर भड़के सीएम, लोनिवि अधिकारी को कहा- बाहर जाओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

अपने एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय ने रविवार सुशासन तिहार के तहत संभागीय समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक के दौरान सीएम श्री साय का तल्ख रुख देखने को मिला। सड़क मरम्मत की सही जानकारी नहीं देने पर सीएम भड़क गए और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को जमकर फटकार लगाई। सीएम ने लोनिवि अधिकारी से सीधे कहा कि अधिकारी मीटिंग से निकलो, बाहर जाओ, अपने सचिव से बात करो और सही जानकारी लेकर आओ। आमतौर पर शांत और सहज रहने वाले सीएम का यह रूप देखकर कमरे में सन्नाटा छा गया। संदेश साफ था कि अब बहानेबाजी नहीं चलेगी। वहीं सीएम श्री साय ने कहा कि हम सब जनता के सेवक हैं। हम सभी को अपने कार्यालय को सेवा तीर्थ समझना है और आम जनता की सेवा करने का मंदिर है।

**खास बातें**

- जरुरत पड़ने पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश
- मानसून से पहले सड़कों का मरम्मत करने निर्देश



बैठक को संबोधित करते मुख्यमंत्री विष्णु देव साय।

समीक्षा बैठक के दौरान सीएम श्री साय ने कहा कि सरकार का विकास सड़क से दिखता है।पीडब्ल्यूडी की सड़क मरम्मत में देरी पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और निर्देश दिया कि मानसून आने से पहले सभी सड़कों की मरम्मत पूरी हो। उन्होंने कहा कि आबादी क्षेत्रों की सड़कों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ध्यान दो, नहीं तो ठीक नहीं होगा। सीएम ने डीएमएफ के दुरुपयोग पर भी कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि डीएमएफ की 70 फीसदी राशि खदान के पास के गांवों पर खर्च होनी चाहिए। मुख्यालय के नाम पर इसे खर्च करना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने बलरामपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में खनिज संसाधनों के बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी नागरिक पेयजल के लिए न भटके। जहां साधन नहीं हैं वहां टैंकर से पानी पहुंचाया जाए। गर्मी और बारिश के बीच मौसमी बीमारियों से निपटने की अग्रिम तैयारी करने को कहा। साथ ही सुनिश्चित किया जाए कि धान, बीज और खाद की कमी को लेकर किसानों से कोई शिकायत न आए। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग जनता का सम्मान करें, उन्हें इज्जत दें, धैर्य से सुनें और उनका काम समय पर पूरा करें। साथ ही कलेक्टरों को भी निर्देश दिए गए कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों के काम का नियमित मूल्यांकन करें और जरूरत पड़ने पर कठोर कार्रवाई से न हिचकें।

इस दौरान मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, सहित संभाग भर के कलेक्टर, एसपी व अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### राजस्व अभिलेख अब डिजिटल, घर बैठे मिलेगा खसरा-नक्शा

बैठक के दौरान सीएम ने आम नागरिकों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे राज्य के राजस्व अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जाएगा। सभी भूमि खंडों के खसरा-नक्शे डिजिटल प्रामाणिक हस्ताक्षर सहित सीधे लोगों को वितरित किए जाएंगे। साथ ही मुख्यमंत्री हेल्प लाइन सेवा जल्द शुरू होगी, जिसमें टोल फ्री नंबर पर समस्या दर्ज कराई जा सकेगी। उन्होंने कलेक्टर्स को स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व मामले समय-सीमा में निपटाएं, आम जनता को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।

#### स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पहुंचे सीएम

अपने प्रवास के तहत सीएम श्री साय ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी)। इस दौरान उन्होंने समूह की महिलाओं से बात की और उनके अनुभव जाने। मुख्यमंत्री ने संस्थान की गतिविधियों का विस्तार से अवलोकन किया, प्रशिक्षणार्थियों से बात की और उनका उत्साह बढ़ाया। इसके साथ ही सीएम ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में इन स्व-सहायता समूहों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने 5 समूहों को बैंक लिंकेज के तहत 21 लाख रुपये के चेक भी प्रदान किए।

#### निर्माणाधीन नालंदा परिसर का किया निरीक्षण

जिले के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं बेहतर अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निर्माणाधीन नालंदा परिसर का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने निर्देशित किया। लगभग 4 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से विकसित हो रहे इस आधुनिक अध्ययन केंद्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए ई-लाइब्रेरी, अध्ययन सामग्री एवं पत्र-पत्रिकाओं सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## खबर संक्षेप

### विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत आज से

**बलरामपुर।** खरीफ सीजन को सुदृढ़ बनाने किसानों को आधुनिका खेती की दिशा में अग्रसर करने एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं तथा नितियों के बारे में जागरूकता हेतु 5 से 20 मई तक विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखंडों में ब्लॉक स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से भागीदारी निभाएंगे। अभियान में विशेषज्ञों की टीम द्वारा किसानों से सीधे संवाद कर उनकी कृषि संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। साथ ही फसल उत्पादन बढ़ाने, उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक उपयोग, कीट एवं रोग प्रबंधन, पशुपालन, मत्स्य पालन तथा बागवानी संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की जाएगी। अभियान के दौरान कृषि रथ का भी संचालन किया जाएगा, जो गांव-गांव पहुंचकर किसानों को नैनो उर्वरक, हरी खाद एवं टिकाऊ खेती के महत्व के बारे में जागरूक करेगा।

### बॉक्साइट लोड ट्रक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, 1 की मौत

अम्बिकापुर। सामरी से बॉक्साइट लोड कर रेणुकूट जा रहे बॉक्साइट लोड ट्रक के चालक ने विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवारों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सामरी स्थित हिंडाल्को की बॉक्साइट खदान से रविवार को देर रात ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईसी 8144 का चालक बॉक्साइट लोडकर रेणुकूट जा रहा था। इस दौरान विपरीत दिशा से बाइक से आ रहे ग्राम डाढ़ढोली निवासी चीकू उरांव एवं मंदीप उरांव को कुसमी स्थित आशीर्वाद ढाबा के पास टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी बाइक सवार सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए पुलिस ने प्राथमिक उपचार उपरांत अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया है जहां उपचार के दौरान चीकू उंराव ने दम तोड़ दिया जबकि गंभीर रूप से घायल मंदीप यादव की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# ड्राइवरी का काम कर चुके युवक ने घर में घुसकर किया था महिला का अपहरण, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

घर में घुसकर दिनदहाड़े महिला का अपहरण करने के साथ ही 22 लाख रूपए की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि एक अन्य अभी भी फरार चल रहा है। बड़ी बात यह है कि प्रकरण का मुख्य आरोपी पूर्व में महिला के पति के पास वाहन चालक का काम कर चुका है और उसे पहले से पता था कि कालरिकर्मी के रिटायर होने पर उसे मोटी रकम मिली है और इसी के तहत उसने योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया लेकिन नाकेबंदी और पेट्रोलिंग से डरकर आरोपियों ने महिला को बाईपास सड़क पर छोड़ दिया था और रस्सी, कंबल समेत अन्य सामानों को जलाकर सबूत मिटाने का प्रयास किया।

- कालरिकर्मी के रिटायर होने पर रुपए मिलने की थी जानकारी
- अपने दोस्तों के साथ मिलकर बनाई थी अपहरण और फिरौती मांगने की योजना

बता दें कि 29 अप्रैल की सुबह कोतवाली थाना अंतर्गत सेवा निवृत्त कालरीकर्मी पैत्रुस कुजूर अपने चालक के साथ एक्सीडेंट हुए वाहन को बनवाने के लिए अंबिकापुर गया हुआ था। इस दौरान उसकी पत्नी ललिता कुजूर घर में अकेली थी। दोपहर 1 बजे पैत्रुस कुजूर के नंबर पर फोन कर महिला ने बात की थी और घर आने का समय पूछा था। इसके बाद दोपहर 3.30 बजे जब पैत्रुस कुजूर घर पहुंचा तो उसकी पत्नी नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद वह घर में बैठ गया। इसी बीच पत्नी के मोबाइल नंबर से उसे फोन आया और फोन करने वाले व्यक्ति ने बताया कि उसकी पत्नी का अपहरण हो गया है और तत्काल 22 लाख रूपए दो वरना पत्नी वापस घर नहीं लौटेगी। ऐसे में पैत्रुस कुजूर ने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 140(2) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू का दी थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए डीआईजी व एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने आरोपियों की धरपकड़ और महिला को बरामद करने के लिए तीन पुलिस टीम का गठन किया था। इसके साथ ही सीएसपी बेनार्ड कुजूर, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा नाकेबंदी करने के साथ ही सायरन बजाकर महिला को खोजने का प्रयास किया जा रहा था। इसी बीच संदेह के आधार पर रात 11.45 बजे पैत्रुस कुजूर ने एक युवक को फोन कर बताया कि उसने घटना की सूचना पुलिस को दे दी और अब पुलिस आरोपी को खोज रही है। इसी बीच महिला को देर रात 3 बजे आरोपियों ने बाईपास सड़क पर छोड़ दिया और फरार हो गए। अपहरण व मारपीट से घायल महिला किसी तरह एक व्यक्ति के घर पहुंची और पति को फोन कर सूचना दी जिसके बाद पुलिस द्वारा महिला को बरामद करने के साथ ही घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### पहले से घर में रूपए होने की थी जानकारी

इधर इस मामले में पुलिस ने तकनीकी मदद और संदेह के आधार पर रौशन देवांगन को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि आरोपी रौशन देवांगन पूर्व में पैत्रुस कुजूर के घर 18 महीनों तक वाहन चालक का काम किया था और उसे इस बात की जानकारी थी कि पैत्रुस कुजूर एसईसीएल से सेवानिवृत्त हुआ है और उसे काफी पैसा मिला है। पैसों की लालच में आकर उसने अपने साथियों के साथ अपहरण और वसूली की योजना बनाई थी। पुलिस ने इस मामले में महुआपारा निवासी 21 वर्षीय रौशन देवांगन आ. रामचरण देवांगन व शांतिगली मस्जिद पारा निवासी शेख इशू आ. शेख इसराइल खान को गिरफ्तार जेल भेज दिया है। इसके साथ ही तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एसआई एसआरभगत, संदीप सिंह, एएसआई सुनील सिंह, आरक्षक रविराज पाण्डेय व रामप्रसाद साहू सक्रिय रहे।

#### पानी मांगने के बहाने घुसे थे घर में

पुलिस को आरोपियों ने बताया कि योजना के तहत घटना दिवस की दोपहर मुख्य आरोपी रौशन देवांगन और शेख इशू व एक अन्य के साथ योजना के तहत पैत्रुस कुजूर के घर पहुंचा और महिला से बातचीत करते हुए पानी मांगा। इसी बीच आरोपियों ने मौका पाकर महिला को पकड़ लिया और घर के अंदर ले गए जहां उन्होंने उसने मुंह व आंख में टेप लगा दिया और हाथ पैर को रस्सी से बांध दिया। आरोपी महिला को बाइक पर लेकर डुमरिया के पंचर दुकान पहुंचे और फिर पैत्रुस कुजूर को फोन कर 22 लाख रूपए की फिरौती मांगी। पकड़े जाने के डर और पुलिस के पेट्रोलिंग व खोजबीन को देखते हुए प्रार्थी की पत्नी को ग्राम डुमरिया से पीढ़ा होते हुए पर्री से चंदरपुर जाने वाले बाईपास रोड़ पर ले जाकर घायल अवस्था में छोड़ दिए और पीड़िता को ढ़कने में प्रयुक्त कंबल, बांधने वाला रस्सी, मुह में लगा टेप निकालकर वहीं जला दिए और वहां से चले गए। इस घटना के बाद आरोपी शेख इशू बिलासपुर की तरफ भाग रहा था जिसे केतका से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों से महिला का मोबाइल फोन, रस्सी, टेप, कंबल का जला हुआ राख, घटना में प्रयुक्त बाइक, एक स्कूटी व आरोपियों के दो नग मोबाइल फोन को बरामद किया है।

# आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

केंद्रीय जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की उपचार के दौरान मौत हो गई। कैदी को दस्त की शिकायत पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

- दस्त की शिकायत पर केंद्रीय जेल से कराया गया था भर्ती

प्राप्त जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के केल्हारी घुडरी निवासी 50 वर्षीय शिव प्रसाद आ. स्व. बरवापाल को एमसीबी जिले में न्यायलय द्वारा पत्नी की हत्या के आरोप में वर्ष 2021 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। कैदी को एमसीबी जेल से केंद्रीय जेल अंबिकापुर रिफर किया गया था। कैदी केंद्रीय जेल में सजा काट रहा था इस दौरान कैदी को दस्त की शिकायत पर केंद्रीय जेल अस्पताल से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रिफर किया गया था। कैदी का 2 मई से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान 3 मई की रात कैदी की मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही कैदी के मौत की जांच की जा रही है।

# हाथियों ने दो घरों में की तोड़फोड़, रौंदी ग्रीष्मकालीन धान एवं मक्के की फसल

**मैनपाट।** क्षेत्र में हाथियों की तबाही रूकने का नाम नहीं ले रही है। शाम ढलते ही हाथी अलग-अलग दलों में बंटकर आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जा रहे हैं। जिससे सुरक्षा का खतरा बढ़ गया है। वन अमला हाथियों की नियमित निगरानी कर रहा है लेकिन हाथियों की तबाही कम नहीं हो रही है।



दो महीने पूर्व उड़ीसा से लौटने के बाद से ही 14 हाथियों का दल लगातार आबादी क्षेत्र के निकट भ्रमण कर रहा है। पूर्व से अकेले भ्रमण कर रहे दंतैल कभी हाथियों के दल में शामिल हो जा रहे हैं तो कभी अलग होकर अकेले अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं। हाथियों का 13 सदस्यीय दल दिन में एक साथ आराम फरमा रहा है लेकिन शाम ढलते ही अलग-अलग दलों में विभक्त होकर आबादी क्षेत्र में पहुंच जा रहा है। एक साथ अलग-अलग क्षेत्रों में हाथियों के भ्रमण करने से खतरा बढ़ गया है हाथियों के भय से ग्रामीण रतजगा करने मजबूर है वहीं वन अमले को भी निगरानी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाथियों के आबादी क्षेत्र में पहुंचने की सूचना पर वनकर्मी स्थल पर पहुंच रहे हैं तो दूसरे गांव में हाथियों द्वारा तोड़फोड़ मचाने की सूचना पर तत्काल दूसरे स्थान पर जाना पड़ रहा है। वर्तमान में दोनों दंतैल करई झरिया एवं डांडकेसरा जंगल में भ्रमण कर रहा है। बीती रात 13 हाथियों में 5 हाथी दल से अलग होकर बरवाली एवं चोरकी पानी बस्ती में पहुंच गए तथा पूरी रात तबाही मचाई। हाथियों ने गांव के राजेश्वर यादव आ.देवमुन यादव के घर में तोड़फोड़ मचाने के साथ ही घ में रखे अनाज को खा गए। परिवार के सदस्यों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। घरों में तोड़फोड़ करने के बाद हाथी पूरी रात ग्रीष्मकालीन धान एवं मक्के की फसल को रौंदते रहे। दल के 8 हाथी टेढ़ा सेमर, धौराघाट एवं अमेरा घाट के जंगल में भ्रमण करते रहे। पांच हाथियों का दल पाई जंगल में मौजूद है। वन अमला क्षति का आंकलन कर रहा है।

## सीएम ने जिले के दसवीं और बारहवीं के टॉपर छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

# कठिन परिश्रम से मिलती है सफलता, हौसला रखें बुलंद : विष्णु देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

सीएम विष्णुदेव साय ने अपने जिला प्रवास के तहत सोमवार को जिले दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया तथा उन्हें आगे भी इसी उत्साह, समर्पण और आत्मविश्वास के साथ निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बलरामपुर सर्किट हाउस में इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हौसला बुलंद रहना चाहिए।

सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने छात्रों से उनके भविष्य के सपनों के बारे में जाना। अधिकांश विद्यार्थियों ने डॉक्टर और इंजीनियर बनने की इच्छा व्यक्त की, जबकि कुछ ने आइएएस अधिकारी और न्यायाधीश बनने का संकल्प जताया। श्री साय ने सभी के सपनों को सराहते हुए कहा कि कठिन परिश्रम से निश्चित रूप से सफलता मिलती है और सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सपना भी देखना चाहिए और एक लक्ष्य भी तय करके आगे बढ़ना चाहिए। सफलता जरूर कदम चूमती है। इस दौरान सांसद चिंतामणि महाराज व अन्य मौजूद थे।



### मुख्यमंत्री से मिलने का मिला अवसर

जिले के कक्षा 12वीं के 5 मेधावी विद्यार्थियों जिसके अंतर्गत विकासखण्ड वाड्रफनगर के शासकीय उमावि करमडीहा की कुमारी प्रतिभा गुप्ता, रामचंद्रपुर के शासकीय उमावि जामवंतपुर की कुमारी स्नेहा कुशवाहा, शासकीय उमावि सनवाल के सोनू, वाड्राफनगर के कृष्णा, आदर्श हायर सेकंडरी विद्यालय बलंगी की कुमारी प्रिया लता कश्यप, शासकीय उमावि बर्तीकला के अजय गुप्ता को मुख्यमंत्री से मिलने का अवसर मिला। इसी प्रकार कक्षा 10वीं के रामचंद्रपुर के शासकीय उमावि जामवंतपुर के आर्यन गुप्ता वाड्रफनगर के नेशनल पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल रजखेता की कुमारी आराधना पटेल, शासकीय उमावि रधुनाथनगर की कुमारी रोशनी कांशी, स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा कुसमी की आलिया परवीन, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामानुजगंज की आरजू परवीन को मिलने का अवसर मिला।



**खबर संक्षेप**

### आयुष्मान ने कोरिया का मान बढ़ाया



**बैकुण्ठपुर।** कार्डियल पब्लिक हाई स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र आयुष्मान साहू ने मात्र 2 मिनट 42 सेकंड में 118 तत्वों आवर्त सारणी के नामों के प्रतीक एवं 20 रसायन विज्ञान के उत्तर सटीक रूप से लिखकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम आईबीआर अचीवर के रूप में अपना नाम दर्ज कराया है। यह उपलब्धि केवल एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि बैकुंठपुर की प्रतिभा, अनुशासन और समर्पण का जीवंत उदाहरण है। आयुष्मान ने यह सिद्ध कर दिया कि सही मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और मजबूत फाउंडेशन के साथ छोटे शहरों के विद्यार्थी भी राष्टीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। आयुष्मान साहू ने मीडिया से बातचीत में आयुष्मान ने बताया कि मुझे पढ़ाई करना बहुत अच्छा लगता है। मैं जो भी किताब पढ़ता हूं, उसमें दिए गए कॉन्सेप्ट को रियल लाइफ से जोड़कर समझने की कोशिश करता हूं, जिससे सीखना और भी मजेदार हो जाता है। मैं किसी भी विषय को रटने के बजाय उसके पीछे छिपे हुए कॉन्सेप्ट को समझना पसंद करता हूं। जब उनसे उनके भविष्य के लक्ष्य के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि मैं आगे चलकर एक अच्छा डॉक्टर बनना चाहता हूं और भविष्य में रिसर्च के क्षेत्र में जाकर भारत का नाम पूरी दुनिया में रोशन करना चाहता हूं। विद्यालय के निदेशक सुरेश साहू ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल आयुष्मान की नहीं, बल्कि पूरे बैकुंठपुर की है। जब बच्चों को सही दिशा, मजबूत फाउंडेशन और नियमित अभ्यास मिलता है, तो वे किसी भी ऊंचाई तक पहुंच सकते हैं। हमारा उद्देश्य बच्चों को रटने की बजाय समझने और सोचने की क्षमता विकसित करना है, ताकि वे जीवन की हर चुनौती का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें।

### देशभर में विकास और सनातन के पक्ष में माहौल-देवेन्द्र



**बैकुण्ठपुर।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी को मिले प्रचंड जनादेश तथा असम और पुडुचेरी में मिली ऐतिहासिक जीत पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने इसे देश की जनता के विश्वास और सुशासन की जीत बताया। श्री तिवारी ने कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के कुशल, दूरदर्शी और निर्णायक नेतृत्व का परिणाम है। साथ ही उन्होंने पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, जनसंपर्क और मजबूत संगठन को इस सफलता का आधार बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पूरे देश में सनातन संस्कृति, राष्टवाद और विकास के पक्ष में सकारात्मक वातावरण बना है, जिसे जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। यह जनादेश केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि देश के उज्ज्वल भविष्य के प्रति जनता की आस्था का प्रतीक है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केबी जायसवाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद विकास का नया अध्याय शुरू होगा, जिसमें सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग को लाभ मिलेगा।

### ब्लॉक कांग्रेस मनेन्द्रगढ़ में प्रभारियों की हुई नियुक्ति

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़। कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ शहर में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। इन नियुक्तियों के तहत वाजिद अली एवं अरूण कटारे को प्रवक्ता, बादल मलिक एवं अफसर अली को मीडिया प्रभारी, सोनू गुप्ता एवं दीपेश केसरीवानी को सोशल मीडिया प्रभारी, तथा मुदित अग्रवाल को कार्यालय प्रभारी एवं अब्दुल एफाज को सह कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ब्लॉक कांग्रेस मनेन्द्रगढ़ शहर के अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन ने जिन साथियों को जिम्मेदारी दी है, वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेंगे।

### शिविरों में मौके पर होगा समाधान, हितग्राहियों को मिलेगा सीधा लाभ

# सुशासन तिहार: आज से जिला स्तरीय शिविर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



जिले में सुशासन तिहार 2026 के तहत जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण और शासन की योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 5 मई से जिला स्तरीय शिविरों की शुरूआत की जा रही है। कलेक्टरेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने इस अभियान को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए।

सीईओ डॉ.चतुर्वेदी ने सभी जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को 5 मई से 9 जून तक आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि इस महत्वपूर्ण अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया जाए तथा हितग्राही मूलक सामग्रियों का भी वितरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में नागरिकों के साथ व्यवहार को लेकर भी विशेष जोर दिया गया। सीईओ ने निर्देश दिए कि शिविरों में आने वाले ग्रामीणों से विनम्रता और शालीनता के साथ संवाद किया जाए तथा यदि आवेदन में कोई कमी हो तो उन्हें भरने में सहयोग किया जाए। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि एक आवेदन में केवल एक ही समस्या या मांग का उल्लेख करें, ताकि उसका त्वरित और प्रभावी निराकरण किया जा सके। प्रशासन द्वारा शिविरों में प्राप्त आवेदनों की डिजिटल प्रक्रिया को भी प्राथमिकता दी जा रही है। निर्देश दिए गए हैं कि सभी आवेदनों को मौके पर ही स्कैन कर ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाए और मूल आवेदन संबंधित जनपद पंचायत को भेजे जाएं। इसके साथ ही ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण पर भी जोर दिया गया है। जिला सूचना अधिकारी (डीआईओ) सुखदेव पटेल ने अधिकारियों को पोर्टल संचालन, यूजर आईडी एवं अपलोड प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। सीईओ ने बताया कि बैकुंठपुर एवं सोनहत जनपद पंचायत क्षेत्रों के क्लस्टरवार ग्रामों में 11 दिवसीय शिविर आयोजित किए जाएंगे, जबकि जिले के तीनों नगरीय निकायों बैकुंठपुर, शिवपुर-चरचा तथा पटना में तीन दिवसीय शिविर लगाए जाएंगे। शिविर स्थलों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिनमें साफ पेयजल, छाया एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों से सतत संपर्क बनाए रखने और उन्हें शिविरों में आमंत्रित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों को समय पर शिविर स्थलों पर पहुंचकर अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी आमजन को देने को कहा गया। गर्मी और बदलते मौसम को देखते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की भी सलाह दी गई है, ताकि वे पूरी ऊर्जा के साथ इस जनहितकारी अभियान को सफल बना सकें।

### 9 जून तक चलेंगे जनसमस्या निवारण शिविर

बैकुण्ठपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में 5 मई से सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजे तक आयोजित होंगे। जिला प्रशासन द्वारा जारी विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार ये शिविर क्लस्टरवार ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में आयोजित किए जाएंगे, जहां आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।

**क्लस्टरवार शिविर कार्यक्रम -** 5 मई को ग्राम सोंस जनपद बैकुंठपुर में, 8 मई को ग्राम उज्ञांव जनपद सोनहत में, 12 मई को ग्राम बचरा जनपद बैकुंठपुर में, 15 मई को ग्राम पोड़ी जनपद सोनहत, 19 मई को ग्राम करजी जनपद बैकुंठपुर में 22 मई को ग्राम कुशहा जनपद सोनहत में, 26 मई को ग्राम फूलपुर जनपद बैकुंठपुर, 29 मई को ग्राम लटमा जनपद पंचायत सोनहत, 2 जून को ग्राम सलका जनपद बैकुंठपुर, 5 जून ग्राम बुड़ार जनपद बैकुंठपुर, 9 जून ग्राम तरगवां जनपद बैकुंठपुर में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में प्रत्येक क्लस्टर के अंतर्गत लगभग 7 से 19 गांवों के ग्रामीण शामिल होकर अपनी समस्याएं प्रस्तुत कर सकेंगे।

**नगरीय निकायों में शिविर कार्यक्रम -** 13 मई को नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 6, 20 मई को नगर पंचायत पटना मिनी स्टेडियम, 25 मई को नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर मानस भवन में इन शिविरों में संबंधित वार्डों में नागरिक अपनी समस्याओं एवं मांगों से जुड़े आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। मिली जानकारी के अनुसार शिविरों में प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं की जानकारी, हितग्राही मूलक सामग्रियों का वितरण तथा कई सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

## पटना में सुशासन त्योहार का आयोजन 20 को




पटना। छग शासन की जनहितकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आगामी 20 मई को नगर पंचायत पटना में सुशासन त्योहार का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह विशेष शिविर जिला प्रशासन कोरिया के तत्वाधान में मिनी स्टेडियम वार्ड क्रमाक 6 पटना में संपन्न होगा। इस आयोजन में शासन की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और मौके पर ही लाभ देने की व्यवस्था की जाएगी। वहीं आम नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं को सुना जाएगा और जिला प्रशासन के प्रमुख विभागों के स्टॉल पर उनका तत्काल निराकरण किया जाएगा। संवाद से समाधान के ध्येय वाक्य के साथ नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा। नगर पंचायत पटना के सर्वांगीण विकास के लिए सुझाव एवं चर्चा का अवसर मिलेगा। जिला प्रशासन कोरिया ने नगर पंचायत पटना के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। यह आयोजन न केवल आपकी समस्याओं का समाधान करने का मंच है, बल्कि पटना के विकास में आपकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का एक सुनहरा अवसर भी है। नगर पंचायत पटना की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह और मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण उपाध्याय ने नागरिकों से अपील किया है कि वे इस शिविर में अवश्य भाग लें और अपने मुद्दों का समाधान प्राप्त करें।

## 13 को लगेगा सुशासन त्योहार जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन कोरिया द्वारा 13 मई को नगर पालिका शिवपुर-चरचा में सुशासन त्योहार के तहत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर वार्ड क्रमांक 6 स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित होगा। नगर पालिका शिवपुर-चरचा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा ने बताया कि शिविर में नगर के सभी 15 वार्डों के नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। यहां विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया जाएगा।

शिविर की विशेषता यह रहेगी कि जिला प्रशासन के सभी प्रमुख विभाग एक ही स्थान पर अपने स्टॉल लगाएंगे। नागरिक अपनी समस्याएं सीधे दर्ज करा सकेंगे और संबंधित अधिकारियों द्वारा उनका त्वरित निराकरण किया जाएगा। संवाद से समाधान तक के मूल मंत्र के साथ यह आयोजन प्रशासन और जनता के बीच दूरी कम करने का प्रयास है। इस दौरान नागरिकों से नगर के समग्र विकास को लेकर सुझाव भी लिए जाएंगे, जिससे भविष्य की योजनाओं को और प्रभावी बनाया जा सके। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल और मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा ने अधिक से अधिक नागरिकों से शिविर में शामिल होने की अपील की है।


वीके ओझा

प्रशासन द्वारा शिविर की सफलता के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे योजनाओं की पूरी जानकारी, आवश्यक दस्तावेज और हितग्राहियों को तत्काल लाभ प्रदान करने की प्रक्रिया के साथ उपस्थित रहें। शिविर स्थल पर पेयजल, छाया, बैठने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस बार शिविर में डिजिटल सेवाओं को भी प्राथमिकता दी गई है। नागरिकों को ऑनलाइन आवेदन, पेंशन, राशन कार्ड, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं के लिए मौके पर ही सहायता मिलेगी, जिससे उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए अलग सहायता काउंटर भी स्थापित किए जाएंगे, ताकि उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सेवाएं मिल सकें।

## सात दिवसीय समर स्पार्क समर कैंप का समापन



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में आयोजित सात दिवसीय समर स्पार्क समर कैंप का 4 मई को अत्यंत उत्साह, उल्लास एवं रचनात्मक ऊर्जा के साथ भव्य समापन हुआ। विद्यालय परिसर पूरे सप्ताह बच्चों की हंसी, रचनात्मक गतिविधियों और नई सीख से सराबोर रहा। इस विशेष शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनकी छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था। समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों के लिए अनेक ज्ञानवर्धक, मनोरंजक एवं कौशल आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रत्येक दिन की शुरूआत प्रार्थना, योग एवं डांस-जुम्बा जैसी ऊजार्वान गतिविधियों से हुई, जिसने बच्चों में सकारात्मकता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संचार किया। कैंप में आर्ट एंड क्राफ्ट, पॉटरी मेकिंग, म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स, मेहंदी डिजाइन, स्केटिंग, तीरंदाजी (आर्चरी), कराटे, इंडोर गेम्स, फायरलेस कुकिंग तथा पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एवं कम्युनिकेशन स्किल्स जैसी गतिविधियों ने विद्यार्थियों को नई सीख और अनुभव प्रदान किए। बच्चों ने न केवल इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया, बल्कि अपनी कल्पनाशीलता, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन भी किया। विशेष रूप से फायरलेस कुकिंग गतिविधि में बच्चों ने स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। वहीं योग एवं कराटे सत्रों ने बच्चों को अनुशासन, आत्मरक्षा और मानसिक संतुलन का महत्व समझाया। आर्ट एंड क्राफ्ट तथा पॉटरी मेकिंग में विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा देखते ही बन रही थी। समर स्पार्क के अंतिम दिवस पर विशेष सभा का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए, इसके पश्चात विद्यालय में पॉटलक पार्टी आयोजित की गई, जहां बच्चों एवं शिक्षकों ने मिलकर विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनके उत्साह एवं सहभागिता की सराहना की गई।

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर जमकर मना जश्न

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

4 मई को कोरिया जिले में भाजपा की प्रचंड विजय का जश्न हर चप्पे-चप्पे में देखने को मिला। जिला मुख्यालय के कुमार चौक में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने धूप की परवाह किए बिना सड़कों पर उतरकर ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केबी जायसवाल, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेश शिवहरे, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज गुप्ता, आर्थिक प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुभाष साहू, अजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज सोनवानी, अल्पसंख्यक योगनीति सह प्रभारी अरशद खान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलराज रवि, जिला कार्यसमिति सदस्य सुरेन्द्र चक्रधारी, बिजेन्द्र जायसवाल, मंडल महामंत्री रमन गुप्ता, आईटी सेल संयोजक हरिओम साहू, मंडल उपाध्यक्ष संतोष राजवाड़े, पार्षद अवधेश नारायण सिंह, अमित श्रीवास्तव, अभय दुबे, लवकुश, ओमकेश्वरी, अंजना सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

**आतिशबाजी कर जमकर बांटी मिठाईयां**



### नगर पालिका शिवपुर-चरचा में भव्य उत्सव

नगर पालिका शिवपुर-चरचा में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में ऐतिहासिक जीत मिलने पर आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला मंत्री प्रदीप तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती कुंती चक्रधारी, भाजयुमो जिला महामंत्री साक्षी सिंह, रामकली पाल, राजेन्द्र चक्रधारी, राजेन्द्र पाल, रणविजय, शिल्पा शर्मा, ज्योति, उमानंद, कुंडल साय, निक्की मदनवाल, मनीष गुप्ता सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पार्टी कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

सोनहत में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय की खुशी में आतिशबाजी की और मिठाई बांटकर जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य और भाजपा जिला मंत्री शिव कुमारी, जिला संयोजक मनोज साहू, महामंत्री बाल कृष्ण देवांगन, उपाध्यक्ष दिलीप यादव, मंडल उपाध्यक्ष अनिल जायसवाल, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक भुवन साहू, शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक सुमित राजवाडे, जनपद सदस्य आलेश्वरी अनिल गौतम, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरीश चंद राजवाडे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलीप सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नपं पटना में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

पटना नगर पंचायत में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक विजय को लेकर आतिशबाजी की और मिठाई वितरण कर जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर शर्मा, मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, किसान मोर्चा प्रदेश संयोजक विनोद साहू, उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, जिला मीडिया सह प्रभारी वर्षा साहू, गणेश यादव, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी राकेश गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य योगेन्द्र मिश्रा आदि शामिल रहे।

## महिपाल बने राष्ट्रीय हिन्दू संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष

**बैकुण्ठपुर।** समाज सेवा एवं सांस्कृतिक संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय महिपाल सिंह राणावत को राष्टीय हिन्दू संगठन (आरएचएस) का राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के केन्द्रीय नेतृत्व ने राणावत की नेतृत्व क्षमता और सामाजिक निष्ठा को देखते हुए उन्हें इस महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के मिलने के पश्चात श्री राणावत ने संगठन के राष्टीय अध्यक्ष सत्येन्द्र दुबे सत्या राजस्थान प्रदेश प्रभारी जयप्रकाश श्रीवास्तव सहित राष्टीय एवं प्रदेश के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संगठन के माध्यम से उन्हें स्वामी विवेकानंद, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसी महान हस्तियों के पद-चिन्हों पर चलने और उनके महान राष्टभक्ति के विचारों को आत्मसात करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।



राजकुमार श्रीमंत महिपाल सिंह राणावत का विवाह बैकुंठपुर छग की कोरिया रियासत के महाराजा शिवमंगल सिंह देव की प्रपौत्री एवं महाराज लाल हरिशरण सिंह देव की सुपौत्री राजकुमारी श्रीमती अनुराधा सिंह देव राणावत के साथ हुआ है उनकी इस नई जिम्मेदारी की खबर से न केवल राजस्थान, बल्कि बैकुंठपुर कोरिया और छग क्षेत्र में भी हर्ष की लहर है।

### जिले में एसआईएस पंजीयन शिविर का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षा सेवाओं में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिले के जनपद पंचायत व आईटीआई परिसरों में पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कमांडेंट, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र परसवार, अनूपपुर के निर्देशानुसार यह पहल उन युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है जो सुरक्षा क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर स्थायी रोजगार प्राप्त करना चाहते हैं।

इस भर्ती प्रक्रिया के तहत जिले के तीनों विकासखंड स्तर पर सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर के पदों पर नियुक्ति की जाएगी। यह शिविर सुबह 11 से दोपहर 4 बजे तक आयोजित होंगे। इसमें युवाओं का पंजीयन कर प्रशिक्षणोपरांत एसआईएस ग्रुप में नियोजन किया जाएगा। शिविर की शुरूआत 18 एवं 19 मई को जनपद पंचायत भरतपुर से होगी, इसके बाद 25 मई को आईटीआई जनकपुर में, 20 एवं 21 मइ को जनपद पंचायत खड़गवां में, 27 मई को आईटीआई चिरमिरी में, 22 मई को जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ में, 27 मई को आईटीआई मनेन्द्रगढ़ में शिविर का आयोजित किया जाएगा।

### जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 9 स्थित वीभा क्लब में आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में जबरदस्त जोश देखने को मिला। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक जायसवाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती लालमुनि यादव, भूपेन्द्र यादव, हेमसागर यादव, जागृत कुर्रे और सत्यनारायण मोदी सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी शामिल हुए। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला चरचा और नागपुर की टीम के बीच खेला गया।

# सोनहत में भौगोलिक विरासत खो रही अपनी पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिला एक ऐसी भौगोलिक विरासत को अपनी आंचल में समेटे हुए हैं जो देश ही नहीं बल्कि दुनियां में दुर्लभ है। कोरिया जिले के सोनहत जनपद मुख्यालय से कुछ ही किमी की दूरी पर घने जंगलों के बीच भारत की मानक समय रेखा और कर्क रेखा एक-दूसरे को काटती है।

वैज्ञानिक दृष्टि से भारत का हृदय कहलाने के योग्य हैं, लेकिन अफसोस है कि यहां दोनों रेखाओं की मिलन बिंदु आज अपनी पहचान के लिए मोहताज है। यदि सोनहत के निकट इस क्रासिंग प्वांईट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए तो यह न केवल कोरिया जिले बल्कि पूरे राज्य के लिए राजस्व का बड़ा जरिया बन सकता है साथ ही खगोल विज्ञान के विद्यार्थियों, शोध छात्रों के लिए प्रमुख लर्निंग सेंटर बन सकता है। प्रदेश सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने की बात करती है, लेकिन भौगोलिक दृष्टि से प्रमुख स्थल जो कोरिया जिले में मौजूद है,




उसे पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में अब तक पहल नहीं की गई। यही कारण है कि कर्क रेखा एवं भारतीय मानक समय रेखा का मिलन बिंदु आज अपनी पहचान के लिए मोहताज है।

हालत यह है कि कोरिया जिले के ज्यादातर लोगों को भी इस बात की जानकारी नहीं है कि किस जगह पर कर्क एवं मानक समय रेखा का मिलन बिंदू है। जानकारी के अनुसार नवीनतम गणना के अनुसार भारतीय मानक समय रेखा 82.5 पूर्वी देशांतर और कर्क रेखा 23.5 उतरी अक्षांश एक-दूसरे को छग के कोरिया जिले में सोनहत से कुछ दूरी पर जंगलों के बीच में स्थित है, जहां दोनों काल्पनिक रेखाएं आपस में मिलती है। इतनी बड़ी उपलब्धि होने के बावजूद शासन-प्रशासन मौन समय और स्थान के अद्भुत मिलन को किसी ने सम्मान नहीं दिया, ऐसे में सवाल उठता है क्या सोनहत की किस्मत में कर्क रेखा व मानक समय रेखा को बताने वाला बोर्ड पर लिखा नाम ही सड़के किनारे रहेगा या कभी इस प्रमुख भौगोलिक स्थल को वह सम्मान मिलेगा जिसका वह हकदार है, जिससे कि इसकी पहचान राष्टीय स्तर पर हो सके। यहां का अनूठा भौगोलिक संगम स्थल गुमनामी के अंधेरे में गुम सी है।

# कुमार चौक में कांग्रेस ने किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बढ़ती महंगाई एवं घरेलू व कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों के लगातार बढ़ते दामों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया द्वारा जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में जिला स्तरीय एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन सोमवार को आयोजित किया गया।

■ **बढ़ती महंगाई को लेकर जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन**

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यालय से रैली निकाली गई, जो कुमार चौक पहुंची। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चक्का जाम कर केन्द्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि केन्द्र की


कुमार चौक में चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी ।

भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता, विशेषकर गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रसोई गैस एवं कॉमर्शियल सिलेंडरों की कीमतों में लगातार वृद्धि से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि गैस सिलेंडरों की बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।उन्होंने कहा कि यदि सरकार द्वारा शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### ओपीएस की हर्ष ने एशियाई स्वात चौंपियनशिप में जीता स्वर्ण



**अंबिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल की कक्षा 9वीं की विद्यार्थी एवं रनजीत केरकेट्टा और मेरी केरकेट्टा की सुपुत्री हर्ष मन्नू केरकेट्टा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नेपाल के काठमांडू यूनिवर्सिटी, धुलिखेल में आयोजित 7वीं एशियाई स्वात चौंपियनशिप 2026 में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने सब-जूनियर वर्ग के 42 किलोग्राम भार वर्ग में हांगकांग, उजबेकिस्तान और नेपाल की प्रतिभागियों को पराजित कर यह उपलब्धि हासिल की। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत सहित नेपाल, न्यूजीलैंड, उजबेकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, इंडोनेशिया, फिलीपींस और हांगकांग जैसे देशों से लगभग 600 चयनित खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु एवं भार वर्गों में भाग लिया। हर्ष पिछले दो वर्षों से विद्यालय के मार्शल आर्ट कोच अनिल बर्नवाल के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग प्राप्त कर नियमित अभ्यास कर रही हैं। इससे पूर्व भी वह राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्वात चैम्पियनशिप में रजत पदक जीत चुकी हैं। हर्ष की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. आईए खान सूरी सहित समस्त विद्यालय परिवार ने उन्हे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### पीएम श्री सेजेस जयनगर में कक्षा पहली के लिए 8 को निकाला जायेगा ड्रा

**बिश्रामपुर।** पीएम श्री सेजेस जयनगर में नए शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा पहली में प्रवेश प्रक्रिया हेतु आवेदन 10 अप्रैल से 5 मई तक निर्धारित लिए गए हैं। अब 8 मई को ड्रा के माध्यम से बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी। गौरतलब है कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा कक्षा पहली में प्रवेश के लिए पात्र एवं अपात्र विद्यार्थियों की सूची 7 मई को प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद चयनित विद्यार्थियों के अंतिम चयन के लिए 8 मई को सुबह 10 बजे विद्यालय परिसर में लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

### भीषण गर्मी पड़ने के कारण पत्ते का अच्छा संग्रहण होने की उम्मीद

# सरगुजा वनवृत्त के सभी 1753 तेंदूपत्ता लॉटों का हुआ विक्रय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

इस बार प्रारम्भ से ही भीषण गर्मी पड़ने के कारण तेंदूपत्ता का अच्छा उत्पादन होने की उम्मीदें जताई जा रही हैं। भीषण गर्मी से भले ही लोग हलाकान हो रहे हैं लेकिन तेंदूपत्ता की नीलामी लेने वाले व्यापारियों एवं संग्राहकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस बार विभाग की ऑनलाइन नीलामी में सरगुजा वनवृत्त के सभी 1752 तेंदूपत्ता लाटों का अच्छी कीमत से विक्रय हुआ है।

**खास बातें**
- सरगुजा वनमण्डल के 214 फड़ों में शुरू हुई खरीदी
- अन्य 5 वनमण्डलों में खरीदी का इंतजार
- नहीं हो रही पत्तों की पर्याप्त आवक

सरगुजा वनवृत्त अंतर्गत विभिन्न पांच वनमण्डलों में कुल 144 वनोपज सहकारी समितियां एवं 1753 फड़ संचालित है। वनवृत्त अंतर्गत कुल 165 तेंदूपत्ता के लॉट हैं। विभाग वर्षों से इन लॉटों की ऑनलाइन नीलामी करता है तथा विभाग की देखरेख में संग्राहकों से तेंदूपत्ता खरीदा जाता है। पत्तों के सूखने पर इसे संबंधित ठेकेदार को सौंप दिया जाता है। सरगुजा के लाटों को खरीदने में व्यापारी रूचि नहीं लेते थे जिसके कारण इन लाटों का तेंदूपत्ता विभाग खरीदता था। इस बार सरगुजा वनवृत्त के सभी लाटों का विक्रय अच्छी कीमत में हुआ है तथा वनवृत्त का एक भी लॉट अविकृत नहीं बचा है। इस बार अप्रैल के प्रारंभ से ही भीषण गर्मी पड़ रही है। जिससे तेंदू के बड़े पत्ते निकलने के साथ ही अच्छा उत्पादन होने की उम्मीद जताई जा रही है। अधिकारियों एवं संग्राहकों का कहना है कि भीषण गर्मी में तेंदू की कोपले शीघ्रता से निकलती हैं तथा पत्तों का आकार भी बड़ा होता है जिसकी बाजार में भारी मांग होती है। मौसम के खराब होने, आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने एवं तीन-चार दिनों तक लगातार बारिश होने पर तेंदूपत्ता का उत्पादन कम होने के साथ ही पत्तों का आकार भी छोटा हो जाता है। बेमौसम बारिश होने पर पत्ते रूग्ण हो जाते हैं साथ ही पत्तों में दाने निकल जाते हैं जिसका व्यावसायिक उपयोग नहीं किया जाता। इस बार भी पिछले 4-5 दिनों से मौसम खराब है तथा कुछ स्थानों पर बारिश भी हुई है लेकिन इसका प्रभाव अभी पत्तों की गुणवत्ता पर नहीं पड़ा है। लगातार भीषण गर्मी पड़ने के कारण वन अधिकारी इस बार गुणवत्तायुक्त तेंदूपत्ता का पर्याप्त संग्रहण होने की उम्मीद जता रहे हैं।



तेन्दूपत्ता लॉट।

### सरगुजा वनवृत्त में 1753 लॉट

सरगुजा वनवृत्त में कुल 1753 तेंदूपत्ता लॉट हैं जिसमें सर्वाधिक 60 लॉट सरगुजा में है। इसी तरह सूरजपुर जिले में 30, कोरिया में 16, मनेन्द्रगढ़ एवं जशपुर वनमण्डल में 20-20 तेंदूपत्ता लॉट है। तेंदूपत्ता खरीदी के लिए सरगुजा वनमण्डल में 14 वनोपज समितियों के माध्यम से 214 फड़, सूरजपुर में 336 फड़, बलरामपुर में 482 फड़, कोरिया में 197, मनेन्द्रगढ़ में 220 एवं जशपुर में 304 फड़ संचालित हैं जिसके माध्यम से क्षेत्र के संग्राहकों का तेंदुपत्ता खरीदा जाता है। सरगुजा के 44131, सूरजपुर के 60342, बलरामपुर के 105101, कोरिया के 32080, मनेन्द्रगढ़ के 35110 एवं जशपुर वनमण्डल के 38402 कुल 315166 संग्राहकों ने अपना पंजीयन कराया है।

#### हर वनमण्डल के लिए अलग- अलग लक्ष्य

शासन द्वारा सरगुजा वनवृत्त के सभी 6 वनमण्डलों से 363600 मानक बोरा तेंदुपत्ता संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया है। सरगुजा वनमण्डल से 36200 मानक बोरा, सूरजपुर से 75500, बलरामपुर से 143900 मानक बोरा, कोरिया से 39000, मनेन्द्रगढ़ से 43500 मानक बोरा एवं जशपुर वनमण्डल से 31000 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मौसम अनुकूल रहा तो लक्ष्य के अनुरूप तेंदूपत्ता का संग्रहण होने की संभावना जताई जा रही है। गुणवत्तायुक्त पत्तों की आवक होने एवं मौसम के अनुकूल रहने पर ठेकेदार खरीदी को लेकर उत्साहित रहते हैं तथा अधिक मात्रा में संग्राहकों का पत्ता खरीदते हैं।

#### सरगुजा में खरीदी प्रारंभ

सरगुजा वनमण्डल में फड़ों के माध्यम से तेंदूपत्ता की खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। वन मण्डल द्वारा 1 मई से सरगुजा के सभी 15 लॉटों के पत्तें की खरीदी प्रारंभ कर दी गई है जबकि अन्य वनमण्डलों में मौसम के अनुकूल होने का इंतजार किया जा रहा है। वर्तमान में मौसम के प्रतिकूल होने के कारण प्रायः हर दिन अंधड़ चल रहा है। सरगुजा में पिछले तीन दिनों में 252.626 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी की गई है। शादी-विवाह का सीजन होने के कारण अभी संग्राहक व्यस्त हैं तथा तेंदुपत्ता संग्रहण में रूचि नहीं ले रहे है। पंजीकृत संग्राहकों में से मात्र 855 संग्राहक तेंदूपत्ता संग्रहण में जुटे हैं। एक सप्ताह बाद खरीदी में तेजी आने के साथ ही अन्य वनमण्डलों में भी खरीदी शुरू होने की संभावना जताई जा रही है।

#### चल रही खरीदी

सरगुजा के सभी 15 लॉटो में तेंदूपत्ता की खरीदी की जा रही है। संग्राहकों की संख्या कम होने के कारण तेंदूपत्ता की आवक कम है। एक सप्ताह में आवक के बढ़ने की उम्मीद है।

-अभिषेक जोगावत
डीएफओ, सरगुजा

### समर कैंप उमंग में बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में ली भागीदारी

**अंबिकापुर।** ब्रह्माकुमारी संस्था में बच्चों के व्यक्तित्व विकास हेतु आयोजित 9 दिवसीय समर कैंप उमंग के दूसरे दिन बीके ममता बहन ने बच्चों से कहा कि हमारे जीवन में आंतरिक शक्तियों सहनशीलता, धैर्य, नम्रता, मधुरता जैसे गुणों की आवश्यकता है। ये शक्तियां हमें हर समय व्यक्ति, वस्तु और परिस्थिति को परख कर सही निर्णय लेना सिखाती है तथा सत्यता से पहचान कराती है । सत्य कभी बदलता नहीं। हमारा सत्य स्वरूप ज्ञान, पवित्रता, सुख, शांति, प्रेम आनंद और शक्ति हमें सुख प्रदान करते हैं। हमारा जीवन खुशनुमा बन जाता है। बीके बसमती ने संकल्प से सिद्धि पर गतिविधियां कराई एवं बीके प्रतिमा बहन ने मेडिटेशन का अभ्यास कराया । अंत में एकाग्रता बढ़ाने हेतु शिक्षाप्रद खेल गतिविधियां कराई गई।















